RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 29 • 12:02:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-




## विदेशों में भी दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन, एक्सपोर्ट की तैयारी

• रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कर दिया बड़ा ऐलान, नए वैरिएंट पर काम शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले बरसों में देश में डिजाइन और निर्मित वंदे भारत ट्रेनों को निर्यात करने की तैयारी है। द इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल बिजनेस समिट में रेलवे मिनिस्टर ने यह बात कही। उन्होंने कहा, शुरुआती चुनौती यह थी कि वंदे भारत ट्रेनों को देश के भीतर अपने इंजीनियरों की ओर से डेवलप किया जाए। इसमें हमें सफलता भी मिली है। अब मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आने वाले वर्षों में हम इस ट्रेन का निर्यात शुरू कर देंगे। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत को लेकर अच्छा फीडबैक मिला है। फिलहाल इन ट्रेनों में और सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेन के नए वैरिएंट वंदे भारत स्लीपर पर काम पहले ही शुरू हो चुका है। रेल मंत्री ने हाल ही में बताया था कि वंदे भारत रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाकर 82 कर दी गई है। नई दिल्ली-मुंबई और नई दिल्ली-हावड़ा रेल मार्गों पर इन ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाने का काम चल रहा है। उन्होंने वंदे भारत ट्रेनों की सेवाओं के संबंध में 10 सांसदों की ओर से पूछे गए प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। वैष्णव ने कहा, 31 जनवरी 2024 तक 82 वंदे भारत ट्रेन संचालित थीं। दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे की 6 मल्टीट्रैकिंग यानी लाइन क्षमता विस्तार परियोजनाओं को मंजूरी दी है।



## सीएम योगी के साथ यूपी के मंत्री विधायकों ने किए रामलला के दर्शन

### गर्भगृह में बैठकर राम भजन गाए, पूजा की; सतीश महाना बोले-मैं बहुत भावुक हूं

**लखनऊ/अयोध्या (एजेंसी)।** सीएम योगी के साथ विधायक और मंत्री अयोध्या में रामलला के दरबार पहुंच गए हैं। सीएम के साथ सभी ने मंदिर में दर्शन किए। पूजा-अर्चना की। अयोध्या पहुंचने पर जगह-जगह फूल बरसाकर मंत्री-विधायकों का स्वागत किया गया। रविवार होने के चलते अयोध्या में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। इस वजह से विधायकों का हनुमानगढ़ी में दर्शन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। लखनऊ से सुबह करीब 10 बसों से विधायक अयोध्या रवाना हुए। कई परिवार के साथ हैं। एनडीए के अलावा रालोद, बसपा और कांग्रेस विधायक भी हैं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सपा विधायक अयोध्या जाना चाहते थे।



### एमपी के झाबुआ में बोले पीएम मोदी, बताया-वंचित और पिछड़े सरकार की प्राथमिकता

## लोकसभा चुनाव में अकेला 'कमल' अबकी पार करेगा 370 का आंकड़ा

**झाबुआ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झाबुआ में कहा, कांग्रेस जब सत्ता में होती है तो लूट करती है, जब सत्ता से बाहर होती है तो लोगों को लड़वाती है। लूट और फूट, यही कांग्रेस की ऑक्सीजन है। रविवार को जनजातीय सम्मेलन में उन्होंने

• कहा-लूट और फूट कांग्रेस की ऑक्सीजन, 2023 में छुट्टी हुई थी, 2024 में सफाया तय

दावा करते हुए कहा, भाजपा अकेले 370 सीटें ला रही है। 2023 में कांग्रेस की छुट्टी हुई थी, 2024 में सफाया तय है। प्रधानमंत्री ने कहा, मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजों से आप पहले ही बता चुके हैं कि लोकसभा चुनाव के लिए आपका मूड क्या रहने वाला है, इसलिए इस बार विपक्ष के बड़े-बड़े नेता पहले से ही कहने लगे हैं- 2024 में 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सभास्थल पर रथ पर सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए अस्थायी गैलरी बनाई गई। उन्होंने 7550 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कुछ प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण किया। पीएम ने झाबुआ से ही खरगोन में 170 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले टंट्या मामा भील विश्वविद्यालय की आधारशिला भी रखी।

मोदी लोकसभा प्रचार के लिए नहीं आया है। मोदी तो सेवक के तौर पर ईश्वर रूपी एमपी की जनता का आभार मानने आया है। एमपी ने पहले ही बता दिया है कि 2024 में 400 पार। लोकसभा चुनाव में अकेला कमल का निशान 370 का आंकड़ा पार करेगा।



## बीजेपी लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीती तो इंडिया जिम्मेदार

### गुलाम नबी बोले-मैं न तो बीजेपी के नजदीक हूं और न ही कांग्रेस के

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के चेयरमेन गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीट का आंकड़ा पार करती है तो इसके जिम्मेदार इंडिया के वो नेता होंगे, जो गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं। शनिवार को जम्मू के बाहरी इलाके प्रगवाल में गुलाम नबी आजाद बैठक के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं जो बता सकूं कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 का आंकड़ा पार करेगी या नहीं। ऐसा होता है तो इसका जिम्मेदार इंडिया ब्लॉक ही होगा। उन्होंने ये भी कहा कि मैं न तो कांग्रेस के करीब हूं और न ही भाजपा के। अगर भाजपा कुछ भी गलत कर रही है तो मैं उनकी आलोचना करने वाला पहला व्यक्ति हूं। इसी तरह कांग्रेस कुछ भी सही कर रही है तो मैं उनकी तारीफ करता हूं। 9 फरवरी को जम्मू के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि एनडीए इस बार के लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा जीत सकती है। इस पर नबी ने कहा कि उमर अब्दुल्ला अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री थे।



## बिहार सरकार का फ्लोर टेस्ट आज, बड़े खेल की आहट

### बढ़ सकती हैं तेजस्वी की मुश्किलें, 2 बाहुबलियों पर टिकी निगाहें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार और भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा में 12 फरवरी को अपना बहुमत साबित करना है। सीएम खुद और उनकी पार्टी इसको लेकर आश्वस्त है। इसका सबसे बड़ा कारण संख्याबल है। बिहार में जेडीयू के पास 45 और बीजेपी के पास 78 विधायक हैं। दोनों दलों को मिलाकर संख्या 123 हो जाती है, जो कि बहुमत से एक अधिक है। वहीं, जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा के चार विधायकों और एक निर्दलीय विधायक का समर्थन भी नीतिश कुमार की नई सरकार को प्राप्त है। कुल मिलाकर उनके पास 128 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। इसके बावजूद आरजेडी और कांग्रेस को हॉर्स ट्रेडिंग का डर सता रहा है। कांग्रेस ने अपने विधायकों को बहुत पहले हैदराबाद शिफ्ट कर दिया था। वहीं, अब तेजस्वी यादव ने भी अपने सभी विधायकों को अपने ही आवास पर नजरबंद कर दिया है। उन्हें अपनी पार्टी पर टूट का खतरा मंडराता नजर आ रहा है। बिहार के सियासी गलियारों में भी इस बात की चर्चा है। राजनीतिक जानकार बतात हैं कि आरजेडी और कांग्रेस अपने विधायकों को फ्लोर टेस्ट नहीं, बल्कि राज्यसभा चुनाव के कारण नजरबंद कर रही है। उन्हें डर है कि क्रॉस वोटिंग नहीं कर दें और दूसरी वरीयता वाले वोट में एनडीए के चौथे उम्मीदवार को जिताने में मदद नहीं कर दें। बिहार की राजनीति में इन दिनों दो बाहुबलियों पर सबकी निगाहें जा टिकी हैं। पहला नाम है आनंद मोहन, जिन्हें हाल ही में जेल से रिहाई मिली है। उनकी रिहाई के लिए नीतिश कुमार की सरकार ने कानून में संसोधन कर दिया था। जेल से निकलने के बाद कई मौके पर दोनों नेताओं की आपस में मुलाकात भी हो चुकी है। वहीं, लालू प्रसाद यादव ने अभी तक उन्हें मिलने का समय तक नहीं दिया है।



## आंदोलन! सरकार से आर-पार के मूड में किसान

### 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान, करेंगे दिल्ली कूच



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** अपनी मांगों को मनवाने के लिए किसानों ने अब सरकार से आर-पार का मूड कर लिया है। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा समेत 26 किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच करने के ऐलान के बाद अब 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान कर दिया है। उधर, हरियाणा सरकार ने किसानों को रोकने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। पंजाब और हरियाणा सीमा पूरी तरह से सील कर दी गई हैं। साथ ही ज्यादा से ज्यादा तादाद में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। पंजाब के किसानों ने ऐलान किया है कि 10 हजार ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर दिल्ली जाने के लिए हरियाणा में दाखिल होंगे। इसके लिए शंभू बॉर्डर, डबवाली और खनौरी बॉर्डर को चुना गया है। इन तीनों बॉर्डर को सील कर दिया गया है। यहां इतनी ज्यादा तादाद में सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। पुलिस के साथ पंजाब हरियाणा सीमा पर बीएसएफ और आरएएफ के जवानों को भी तैनात किया गया है। वहीं, पंजाब के किसानों को हरियाणा के रास्ते दिल्ली जाने से रोकने के लिए अंबाला में धारा-144 लागू कर दी गई है। पंजाब और हरियाणा के बीच बने शंभू बॉर्डर को सीमेंट की बैरिकेडिंग और कंटीली तारें लगाकर पूरी तरह सील कर दिया गया है।

## भारत 100 फीसदी बनेगा यूएनएससी का स्थायी सदस्य

### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दी गारंटी, कहा-मैं आश्वस्त हूं

**जिनेवा (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता के लिए दुनिया के कई देशों ने भारत की वकालत की है। इस बीच भारत विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भारत को यूएनएससी की स्थायी सदस्यता मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि कई देश हमें रोकना चाहते हैं। जयशंकर ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में दो दिवसीय 'हिंद महासागर सम्मेलन' में भाग लेते हुए ये बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि जब वह विभिन्न देशों में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजर से देखती है। उन्होंने भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान एक सवाल के उत्तर में कहा, हम वहां पहुंचेंगे। मुझे 100 फीसदी यकीन है कि हम वहां पहुंचेंगे लेकिन मैं आपको यह भी बताऊंगा कि ईमानदारी से कहूं तो हमें यह आसानी से हासिल नहीं होगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, रास्ते में बाधाएं उत्पन्न करेंगे..लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज इसके (स्थायी सदस्यता) लिए अधिक आश्वस्त हूं। उन्होंने कहा, ''जब मैं दुनिया भर में जाता हूं, तो अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि देखिये, आप वे बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते। हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं।'' उन्होंने यह रेखांकित किया कि भारत ने कैसे एक ऐसा रुख अपनाया है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक रुख है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मुद्दे हैं जिनमें कइयों के हित शामिल हैं लेकिन वैश्विक परिचर्चा पर कुछ ही लोगों का वर्चस्व है। जयशंकर ने कहा, ''यह ऊर्जा संकट के बारे में हो सकता है, कई देशों में आज कर्ज की स्थिति है। यह संस्कृति और विरासत के बारे में हो सकता है क्योंकि कोई भी दूसरों की संस्कृति से अभिभूत नहीं होना चाहता। एक तरह से, आज भारत भरोसेमंद है और उसके बारे में अच्छी राय है।



## अमेरिका ने गुआम में तैनात किया अपना बी-52 बॉम्बर

### परमाणु हमला करने में है सक्षम, चीन के उड़ेंगे होश

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने प्रशांत महासागर में स्थित गुआम में अपने परमाणु बॉम्बर बी-52 को तैनात किया है। अमेरिका की पैसिफिक एयरफोर्स ने एक बयान जारी कर बताया कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक निरोध का समर्थन करने के लिए बी-52 विमानों की तैनाती की गई है। माना जा रहा है कि इस तैनाती के पीछे चीन को अपनी ताकत का अहसास कराना है।

## हेमंत सोरेन से मिलने ईडी ऑफिस पहुंचीं कल्पना

### 30 मिनट तक चली मुलाकात, निकाले जा रहे राजनीतिक मायने



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने के बाद ईडी के अधिकारी उन्हें रिमांड पर लेकर पिछले आठ दिनों से पूछताछ कर रहे हैं। रिमांड अवधि में हेमंत सोरेन से मुलाकात के लिए रविवार को उनकी पत्नी कल्पना ईडी ऑफिस पहुंची। ईडी की ओर से मुलाकात के लिए कल्पना सोरेन को 30 मिनट का समय दिया गया था। ईडी की ओर से हिरासत में अवधि में सिर्फ परिजनों को ही मुलाकात का समय दिया जाता है। ऐसे में हेमंत सोरेन से कल्पना सोरेन की इस मुलाकात को राजनीतिक दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीएम चंपई सोरेन की ओर से अगले 16 फरवरी को कैबिनेट विस्तार की तिथि निर्धारित की गई है। ऐसे में हेमंत सोरेन की सहमति या असहमति का खास महत्व है। कल्पना सोरेन ने ईडी दफ्तर पहुंच कर अपने पति हेमंत सोरेन का हालचाल जाना लेकिन ईडी दफ्तर से बाहर आने के बाद कल्पना सोरेन ने किसी से बात नहीं की। वो सीधे अपनी गाड़ी में वापस लौट गईं। इससे पहले कल्पना सोरेन ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर 7 फरवरी को एजेंसी के दफ्तर में हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। चार दिनों के बाद फिर कल्पना सोरेन अपने पति से मिलने ईडी ऑफिस पहुंची। बताया गया है कि कल्पना सोरेन अपने साथ कपड़ा और नाश्ता लेकर हेमंत सोरेन से मिलने ईडी ऑफिस पहुंचीं थीं। करीब 30 मिनट पर ईडी ऑफिस में रहने के बाद कल्पना सोरेन बाहर निकल गईं। वहीं दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास से बीएमडब्ल्यू कार मिलने के मामले में ईडी के अधिकारी आज लगातार दूसरे दिन कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से पूछताछ करने वाले हैं। शनिवार को भी ईडी ने धीरज प्रसाद साहू से करीब 11 घंटे तक पूछताछ की थी।




## चिदंबरम ने चौंकाया, की मोदी सरकार की सराहना

### बोले पूर्व वित्तमंत्री- इसमें मुझे कोई दिक्कत नहीं लगती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता और सांसद पी चिदंबरम ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि इस सरकार को अगर कुछ लागू करना होता है तो बहुत अच्छे से करती है। मैं इस बात को स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि यह कहने में मुझे कोई दिक्कत नहीं। आपको बता दें कि चिदंबरम एक लिटरेचर फेस्टिव में शामिल होने के लिए कोलकाता पहुंचे थे, जहां उन्होंने ये बातें कही हैं। हालांकि, उन्होंने बाकी तमाम मुद्दों पर विरोध जताया है। चिदंबरम ने शनिवार को दावा किया कि पूरे देश पर डर हावी है और ये हालात लोकतंत्र के ठीक उलट हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय में उन्हें देश में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं मिला जो भय से मुक्त न हो। उन्होंने कहा,'' पिछले 18 माह में मैं जहां भी गया,जिससे भी मैंने बात की मैंने पाया कि उनकी सोच पर भय हावी है। भय उनके संपूर्ण अस्तित्व पर हावी है और मैं उन्हें टैगोर की वो पंक्तियां सुनाता हूं..जहां विचार भयमुक्त है।''



# बिहार में 'फ्लोर टेस्ट' से पहले 'विश्वास टेस्ट'

## अपने-अपने विधायकों को सभी दलों ने किया 'सुरक्षित'

**पटना, एजेंसी।** राज्य में नयी सरकार के गठन ने बाद 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट होना है. इससे पहले सभी राजनीतिक पार्टियां अपने विधायकों को एकजुट कर यह संदेश दे रही हैं कि उनके यहां सब ठीक है. शनिवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अपने विधायकों के लिए भोज का इंतजाम किया. रविवार को संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर जदयू विधायक दल की बैठक बुलायी गयी है.

### भाजपा बोध गया तो राजद ने तेजस्वी के घर बुलाये विधायक

उधर, भाजपा के विधायक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बोधगया में जुटे हैं. शनिवार को ही राजद ने भी तेजस्वी के आवास में विधायकों की बैठक बुलायी. कांग्रेस के विधायक पहले से ही हैदराबाद में डाले हुए हैं. सोमवार को विधानसभा में पूरे चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विश्वास का मत पेश करेंगे. मंत्री श्रवण कुमार ने दावा किया है कि सरकार विश्वास का मत हासिल करेगी. इस बीच सभी पार्टियों ने व्हीप जारी कर विधायकों को 12 फरवरी को सदन में मौजूद रहने को कहा है.



### तेजस्वी के आवास पर चली महागठबंधन की बैठक, विधायक रातभर यहीं रुके

दूसरी ओर स्पीकर की कुर्सी बचाने तथा नयी सरकार के विश्वास मत के खिलाफ एकजुट होकर वोट करने के लिए राजद और वामदलों के विधायकों की शनिवार को पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के घर बैठक हुई. यह बैठक शनिवार देर शाम तक जारी थी. सूत्रों ने बताया कि बैठक के बाद सभी विधायकों को तेजस्वी के आवास पर ही रुकने को कहा गया है. वे अब फ्लोर टेस्ट के दिन यानी सोमवार की सुबह तक तेजस्वी यादव के आवास में ही रहेंगे. सभी विधायकों के सामान धीरे-धीरे तेजस्वी यादव के आवास पर पहुंचा दिये गये. विधायकों ने अपने-अपने घरों से कंबल, कपड़ा और दवाइयां मंगायी है. साथ ही आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है.

**विधानसभा की सदस्य संख्या**

| | |
|---|---|
| कुल विधायक | 243 |
| बहुमत का जादुई आंकड़ा | 122 |
| एनडीए के पक्ष में | 128 |
| जदयू | 45, भाजपा-78, मांझी के 04, निर्दलीय 01 |
| राजद | 79, कांग्रेस–19, भाकपा माले–12, माकपा व भाकपा -04 |

### सभी विधायकों के मोबाइल बंद

सभी विधायकों के मोबाइल बंद कर दिये गये हैं. राजद ने दावा किया है कि उसके सभी विधायक एकजुट हैं. हालांकि बैठक में दो विधायक कुमार सर्वजीत और नीलम देवी नहीं आ सकीं. दोनों ने नहीं आने का कारण बीमार होना बताया है. मालूम हो कि 12 फरवरी को नयी एनडीए सरकार के विश्वास मत पेश करने के पहले मौजूदा स्पीकर राजद के अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी. मुख्यमंत्री को विश्वास मत हासिल करने के लिए सदन में 122 से अधिक विधायकों के समर्थन की जरूरत होगी. फिलहाल सदन में मांझी की पार्टी के चार विधायकों के समर्थन के साथ ही एनडीए के पक्ष में 128 विधायक एकजुट हैं.

### श्रवण कुमार के यहां भोज में शामिल हुए जदयू के विधायक

शनिवार को मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर दोपहर के जदयू विधायकों के लिए भोज का इंतजाम किया गया था. इस दौरान जदयू के सभी विधायक एकजुट दिखे. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी थोड़ी देर के लिए वहां पहुंचे. इस भोज में विधायकों के अलावा पार्टी के सभी विधान पार्षद सहित अन्य नेता मौजूद थे. सभी ने एक स्वर में कहा कि सरकार 12 फरवरी को विधानसभा में बहुमत साबित करेगी.



## हम गरीब पर बेईमान नहीं, हम विधायकों को व्हिप जारी

**पटना, एजेंसी।** नीतीश सरकार के फ्लोर टेस्ट को लेकर बिहार में सियासी घमासान के बीच जीतन राम मांझी का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि हम गरीब हो सकते हैं पर बेईमान नहीं। हमारी पार्टी के सभी विधायक एनडीए गठबंधन के पक्ष में वोट करेंगे। पार्टी ने इसके लिए व्हिप जारी कर दिया है। शनिवार को भाकपा माले विधायक महबूब आलम के जीतनराम मांझी से मुलाकात और बयान के बाद सूबे की सियासत में कई तरह की बातें कही जा रही थीं। मांझी पहले से कहते आ रहे हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी में उनकी पूरी आस्था है। सोमवार को नीतीश कुमार अपने सरकार का विश्वास मत पेश करेंगे। इसे लेकर सत्ता पक्ष के बीजेपी और जेडीयू के साथ-साथ विपक्षी आरजेडी और कांग्रेस के लिए अपने विधायकों को इंटैक्ट रखना चुनौती बन गई है। सभी दल अपने-अपने तरीके से अपनी पार्टी के विधायकों पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर भोज का आयोजन किया गया जिसमें जदयू विधायकों की अनौपचारिक बैठक बुलाई गई। नीतीश कुमार भी पहुंचे लेकिन पार्टी के पांच विधायक गैर हाजिर रहे। इसे लेकर जेडीयू ने व्हिप जारी करते हुए सभी विधायकों को फ्लोर टेस्ट में उपस्थित रहने और पार्टी के पक्ष में वोट डालने का निर्देश दिया है। उसके बाद जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी हवा मोर्चा ने भी अपने विधायकों को व्हिप जारी कर दिया है। जीतन राम मांझी ने कहा है कि हमारी पार्टी के चारों विधायक फ्लोर टेस्ट के दौरान सदन में निश्चित रूप से उपस्थित रहेंगे और जरूरत पड़ी तो एनडीए गठबंधन के पक्ष में वोट करेंगे। यह शीशे की तरह साफ है।

### संक्षिप्त समाचार

### सन्हौला- फाइलेरिया की दवा खाने से दो दर्जन बच्चे बीमार



**सन्हौला, एजेंसी।** सन्हौला प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बथानी और मध्य विद्यालय मडड्डा में बच्चों को कृमि और फाइलेरिया की दवा खिलाने से दो दर्जन से अधिक बच्चों की हालत बिगड़ गई। जिससे विद्यालय में अफरातफरी मच गयी। बच्चों को आनन-फानन में एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान धीरे-धीरे बच्चों की हालत में सुधार हुआ। इस घटना से बच्चों के परिजनों ने विद्यालय में जमकर हंगामा मचाया। इलाज करा रहे छात्र-छात्राओं को दो तरह की दवा खिलायी गयी। कुछ ही देर बाद बच्चों को उल्टी, सिर दर्द, पेट दर्द, शरीर में दर्द होने लगा। बीमार होने वाले बच्चों में सोनी कुमारी, अंशिका कुमारी, सालिया, नंदनी कुमारी, कोमल कुमारी, साक्षी कुमारी, राहत परवीन, इकररा खातून, मो. दाऊद आलम, प्रीति कुमारी, जितनी कुमारी, अमृता कुमारी, मनोवार राजा, अपहरिन, रेशमा खातून, जहेना खातून, आबिदा खातून, आबरून खातून, माजिद, जीतेन्द्र कुमार, इशराना खातून, समीना खातून शामिल हैं। सभी बच्चों को अस्पताल में इलाज कराया गया जो अब खतरे से बाहर है। परिजनों का आरोप था कि बच्चों को भूखे पेट दवा खिलायी गयी जिससे यह समस्या हुई। अस्पताल के प्रभारी डॉ संजीव कुमार दास ने बताया कि फाइलेरिया की दवा देने पर कुछ प्रतिशत को उल्टी, शरीर में दर्द जैसी थोड़ी समस्या संभावित है। बच्चों की तबीयत खराब होने पर अस्पताल में ओआरएस का घोल पिलाया गया। उसके बाद से सभी बच्चे ठीक हैं।

### राजधानी एक्सप्रेस में पत्थरबाजी

**नवगछिया, एजेंसी।** कटिहार-बरौनी रेलखंड के बीच नवगछिया रेल थाना अंतर्गत बखरी काढ़ागोला रेलवे स्टेशन के बीच असामाजिक तत्वों ने राजधानी एक्सप्रेस 12424 पर पथरबाजी की जिससे बोगी के शीशे टूट गये। नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ जाने वाली ट्रेन में पत्थरबाजी की सूचना रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कटिहार को दी गयी। इसके बाद नवगछिया आरपीएफ ने रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गाड़ी अपने समय के अनुसार गई थी। इसी बीच बखरी काढ़ागोला रेलवे स्टेशन के बीच उस पर पत्थरबाजी करके शीशा तोड़ दिया गया। नवगछिया आरपीएफ थाना के इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले को लेकर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। इस वर्ष का यह दूसरी घटना है।

### पूर्णिया में मर्डर, युवक की गला रेतकर हत्या, खेत में मिला सिर

**पूर्णिया , एजेंसी।** पूर्णिया जिले के बायसी थाना क्षेत्र की मीनापुर पंचायत की फूलवासा के समीप डोमरा गांव में परमान नदी के किनारे मक्का खेत से एक व्यक्ति का धड़ से कटा सिर मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कटे सिर को बरामद कर लिया। कटे सिर की पहचान चिकुलाल शर्मा (30) के रूप में की गई है। एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वॉयड को घटनास्थल पर मंगवाया गया और घंटों प्रयास के बाद भी धड़ बरामद नहीं किया जा सका। खबर सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। चिकु बायसी थाना क्षेत्र के मीनापुर पंचायत के शर्माटोला निवासी शिबू लाल शर्मा का पुत्र था। वह दो दिनों से घर से गायब था। घटना की सूचना मिलती ही प्रशिक्षु एसडीपीओ सुशील कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विक्रम झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मिट्टी के नीचे से सिर को बरामद किया। परिजनों ने बताया कि चीकू लाल शर्मा गुरुवार को घर से निकला था लेकिन दो दिनों से घर नहीं लौटा। रिश्तेदारों के यहां खोजबीन करने के बाद भी कोई पता नहीं चल पाया। अचानक शनिवार को मक्का खेत से सिर बरामद होने की जानकारी मिली। इसके बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि आधा दर्जन लोगों के द्वारा तेजधार हथियार से गला काटकर उसकी हत्या कर दी गई है एवं शरीर के कई टुकड़े किए गए हैं। स्थानीय मुखिया सैयद शमशुद्दीन ने हत्या में शामिल लोगों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।



## अफेयर में 4 बच्चे के पिता की हत्या, सिर को खेत में दफनाया, मालिक पर हत्या का आरोप

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में मक्के के खेत में गड़ा हुआ सिर मिलने से सनसनी फैल गई। सिर से ही मृतक की शिनाख्त की गई और इसी के साथ हत्या का राज भी खुल गया। सिर एक शादीशुदा शख्स का है, जिसकी करीब 12 साल पहले शादी हुई थी। जिसके 4 बच्चे भी थे। हालांकि, मृतक का अपने ही मालिक की पत्नी से अफेयर चल रहा था। यही अफेयर उसके मर्डर का कारण बनी। बता दे, शव की शिनाख्त बायसी थाना क्षेत्र के मीनापुर पंचायत के वार्ड 17 डुमराह टोला के फूलभाषा गांव निवासी 35 साल के जोगेशवर शर्मा के रूप में की गई। मृतक का सर उसके घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर नदी किनारे मक्के के खेत में मिट्टी के नीचे दफन मिला। हालांकि, सिर मिलने के बाद बायसी पुलिस , फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड की टीम पूरी रात धड़ खोजती रही। मगर पुलिस के हाथ अब तक कुछ नहीं लग सकी है। बायसी डीएसपी आदित्य कुमार का कहना है कि पुलिस हत्याकांड में शामिल फरार मालिक कालीचरण और इस वारदात से जुड़े सभी लोगों को बेहद जल्द ढूंढ निकालेगी। धड़ कहां है इसका पता लगाने में पुलिस जुटी है।

### पत्नी ने अपने पति के हत्या का आरोप मालिक पर लगाया

पत्नी ने अपने पति कालीचरण शर्मा की हत्या का आरोप उसके मालिक पर ही लगाया है।पत्नी ने बताया कि उसके पति इससे पहले गांव में ही रहकर अपने मालिक कालीचरण का ट्रैक्टर चलाते थे।वे दो साल तक ये ट्रैक्टर चलाते रहे।इसी दौरान मालिक की पत्नी से उनका अफेयर हो गया। इस मामले को लेकर मालिक कालीचरण से पति की गहरी दुश्मनी चल रही थी।कई बार पंचायत भी बैठा।इसके बाद मालिक ने पति को जान से मारने की धमकी दी थी।बाद में उन्होंने काम छोड़ दिया था और वे सूरत चले गए थे।

**फोन कर किसी ने घर से बुलाया था :** गौमी ने बताया है कि इसके बाद उसके पति सूरत में काम करने लगे। सूरत से आए हुए उसे 15 दिन ही हुए हुआ था। छुट्टियां खत्म हो चुकी थी। उनके पति को इसी सप्ताह वापस अपने सूरत लौटना था। वारदात वाली रात का जिक्र करते हुए गौमी कहती हैं कि 8 फरवरी को उनके खेत में धान की बुआई की जा रही थी। इसके लिए वे आंख खुलते ही अपने पति के साथ खेत में आ गई थीं। खेत से काम कर दोनों देर दोपहर करीब 1-30 बजे खाना खाने घर लौट चुके थे। इसके ठीक आधे घंटे बाद ही पति के मोबाइल फोन पर किसी का कॉल आया था। इसके बाद वे घर से निकले तो लौटकर वापस नहीं आए। उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर गांव, सगे-संबंधी और आस पास के गांव में भी ढूंढा। खेत पर भी गई मगर कहीं कुछ पता नहीं चल सका। खोजबीन के क्रम में शनिवार को उनके घर से करीब 300 मीटर की दूरी पर नदी किनारे मक्के के खेत में पति के चप्पल, टोपी और मोबाइल मिला।

## आरजेडी विधायकों को नजरबंद करने से कुछ नहीं होगा- गिरिराज बोले

### कहा– तेजस्वी और लालू यादव को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं, ओवैसी तो भारत में पाकिस्तान चाहते हैं

**बेगूसराय, एजेंसी।** बीजेपी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने कहा है कि तेजस्वी यादव और लालू यादव को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है। इसलिए उन्होंने विधायकों को नजरबंद कर लिया है। लेकिन नजर बंद करने से कुछ नहीं होगा। सबके दिल का दरवाजा खुला हुआ है और उनके पिंजरा में कोई रहने वाला नहीं है। आज पाकिस्तान के लोग नरेंद्र मोदी की सरकार चाहते हैं, मोदी की तरह विकास चाहते हैं और ओवैसी भारत में पाकिस्तान चाहते हैं। गिरिराज सिंह ने रविवार को बेगूसराय में यह बातें कहीं।

### राहुल गांधी सिर्फ सोशल मीडिया पर बकवास करते हैं

गिरिराज सिंह ने तेजस्वी यादव द्वारा काशीराम, श्रीकृष्ण सिंह, बीपी सिंह और दशरथ मांझी को भारत रत्न दिए जाने की सवाल पर कहा कि उन्होंने अपने पिता लालू यादव की क्यों नहीं याद दिलाए। लालू यादव सरकार गिराते और बनाते थे, उस समय तो कर्पूरी ठाकुर को भूल गए थे। गिरिराज सिंह ने कहा- राहुल गांधी की राजनीति सोशल मीडिया पर चलती है, ट्वीट पर ही चलती है। जबकि नरेंद्र मोदी चांद पर भी विकास को पहुंचाते हैं, देश के संसद को भी बनाते हैं और पंचायत भवन भी बनाते हैं। जबकि राहुल गांधी सिर्फ सोशल मीडिया पर बकवास करते हैं।



**ओवैसी के अंदर नफरत के अलावे कुछ नहीं :** ओवैसी द्वारा संसद में बीपी सिंह और लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर सवाल उठाए जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि ओवैसी ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके अंदर नफरत के अलावे कुछ नहीं है। ऐसे लोग 1947 में पाकिस्तान चले गए होते तब उनको समझ में आता। आज पाकिस्तान के लोग नरेंद्र मोदी की सरकार चाहते हैं, मोदी की तरह विकास चाहते हैं और ओवैसी भारत में पाकिस्तान चाहते हैं।

### कांग्रेस की सरकार में सिर्फ घोटाला ही घोटाला था

गिरिराज सिंह ने कहा कि एनडीए की सरकार जब से आई है नरेंद्र मोदी से लोगों की उम्मीदें बढ़ी है। कांग्रेस की सरकार में सिर्फ घोटाला ही घोटाला था, आज मोदी ने विकास का परचम लहराया है। चंद्रमा से लेकर बुलेट ट्रेन तक पहुंच गए, सड़कों को जोड़ा है। आज रेल विद्युतीकरण इतना हो गया है कि धुआं रहित रेलवे हो गया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि हम श्वेत पत्र के माध्यम से देश को दिखा रहे हैं कि उन्होंने देश को कितना कलंकित किया था। अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा भरे गए खजाने को खाली कर दिया था और 10 साल तक सिर्फ घोटाले की सरकार रही।

## बिहार के विभिन्न विभागों में 30,547 नए पदों का सृजन, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने किया ऐलान

**पटना, एजेंसी।** बिहार के वित्त विभाग की प्रशासी पदवर्ग समिति ने 30,547 पदों के सृजन की मंजूरी दे दी है. उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देशानुसार इन पदों का सृजन किया गया है. इनमें सबसे अधिक 25,386 पद शिक्षा विभाग से संबंधित हैं. शिक्षा विभाग के अंतर्गत पहली से पांचवीं कक्षा विद्यालय अध्यापक के 11039 पद, छठी से आठवीं कक्षा विद्यालय अध्यापक के 5957 पद, 9वीं-10वीं विद्यालय अध्यापक के 4316 पद और 11वीं-12वीं के 4074 पद शामिल हैं. शिक्षा के बाद विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में 2338 पद, पीएचइडी में 1114 पद और श्रम संसाधन विभाग में 737 पदों का सृजन किया गया है. विज्ञान प्रावैधिकी में अनुदेशक, वरीय अनुदेशक, प्रधान अनुदेशक, प्रयोगशाला सहायक, वरीय प्रयोगशाला सहायक और प्रधान प्रयोगशाला सहायक के पदों का सृजन किया गया है. पीएचइडी में कार्य निरीक्षक के सभी 1114 पद हैं. श्रम संसाधन में श्रम अधीक्षक, सहायक श्रमायुक्त, उप श्रमायुक्त, संयुक्त श्रमायुक्त और अपर श्रमायुक्त के साथ ही निम्नवर्गीय व उच्च वर्गीय लिपिक, कारखाना निरीक्षक व प्राचार्य आदि की बहाली होगी.

## आउटसोर्सिंग के 30 लाख घपच गए आर्यभट्ट ज्ञान यूनिवर्सिटी के अधिकारी, राजभवन ने लिया एक्शन




**पटना, एजेंसी।** आर्यभट्ट ज्ञान यूनिवर्सिटी में वित्तीय अनियमितता का नया मामला राजभवन के संज्ञान में आया है। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति रहे डॉ. रामेश्वर सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान विवि के पदाधिकारियों द्वारा कोष से 30 लाख से अधिक की अवैध निकासी कर घपला करने का मामले को पकड़ा है। राजभवन के आदेश पर महालेखाकार से जांच कराई जाएगी। यह राशि छात्रों से प्रवेश परीक्षा शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई थी। तत्कालीन प्रभारी कुलपति द्वारा राजभवन को दी गई सूचना के अनुसार न केवल इस राशि की अवैध तरीके से निकासी की गई बल्कि नियमों को ताक पर रखकर जैसे तैसे कुछ लोगों के बीच बांट दिया गया। इस संबंध में प्राथमिक जांच के बाद गड़बड़ी पाये जाने पर तत्कालीन प्रभारी कुलपति ने राजभवन को सूचित किया था। इसी पत्र के आलोक में अब राजभवन सचिवालय ने महालेखाकार को पत्र लिखकर मामले की पूरी तरह जांच कराने का निर्णय लिया है। राज्यपाल

### जांच टीम को सहयोग देने का निर्देश

राजभवन के पत्र में विवि के वर्तमान कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव और प्रभारी कुलसचिव प्रो. शंकर कुमार को जांच टीम को अपेक्षित सहयोग करने और जांच से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।मालूम हो कि विवि लंबे समय तक प्रभारी कुलपति के भरोसे चलता रहा है।अब जब एक ओर विवि में शैक्षणिक सुधारों को लेकर कवायद शुरू हुई है।इसी दौरान राजभवन के नए पत्र से विवि में हडकंप की स्थिति है।एक ओर राजभवन की ओर से वित्तीय अनियमितताओं की जांच की तैयारी है वहीं दूसरी ओर विवि में शैक्षणिक सुधारों के लिए अकादमिक सलाहकार समितियां बनाई गई है।विवि में वर्तमान समय में संचालित हो रहे केंद्रों और स्कूलों को पटरी पर लाने की दिशा में विशेषज्ञों की समिति सुझाव देगी।इसके बाद कई प्रशासनिक कदम उठाये जा सकते हैं।

## बिहार में फाइलेरिया की दवा खाने से 1500 से अधिक बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती

**पटना, एजेंसी।** बिहार के विभिन्न जिले के स्कूलों में शनिवार को फाइलेरियारोधी व कृमिरोधी दवा खाने के बाद कुछ बच्चों की तबीयत खराब हो गई। सिर दर्द, पेट दर्द और उल्टी की शिकायत पर कुछ बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। कई बच्चे बेहोश भी हो गए। बीमार बच्चों की संख्या पूरे राज्य में करीब दो हजार है। हालांकि इलाज के बाद सभी की तबीयत ठीक बतायी जा रही है। शनिवार से बिहार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम शुरू हुआ है, जिसमें बच्चों को उनके स्कूलों में दवा खिलाई गई। उधर, स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि दवा बिल्कुल सुरक्षित है। घबराने की जरूरत नहीं है। दवा खाने के बाद माइक्रोफाइलेरिया के नष्ट होने से ऐसे



लक्षण पैदा होते हैं। कैमूर के मोहनियां अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में करीब 1500 बच्चे, भभुआ, रामपुर व चैनपुर प्रखंड में 100 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ी। भभुआ में अफरातफरी के बाद जिलाधिकारी ने खुद स्कूल पहुंचकर लोगों को समझाया। बेगूसराय के नावकोठी, चेरियाबरियारपुर व मंझौल से भी ऐसी शिकायतें मिली हैं। इधर, पूर्वी चंपारण और सीतामढ़ी में एंटी फाइलेरिया व कृमि की दवा खाने के बाद 80 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। सीतामढ़ी के डुमरा के मध्य विद्यालय जवाबीपुर में 50 से अधिक बच्चों के बीमार होने के बाद अस्पताल ले जाया गया। उनमें से 30 को घर भेज दिया गया।

पूर्वी चंपारण के प्राथमिक विद्यालय उर्दू बेलवतिया सुगौली, रामगढ़वा के जीपीएस प्राथमिक विद्यालय भेडीहारवा व पताही के चम्पापुर कन्या विद्यालय में करीब 30 विद्यार्थी बीमार हो गए। पताही के चम्पापुर कन्या विद्यालय में बच्चों के बीमार होने पर स्कूलों में अफरातफती मच गई। बेलवतिया में अभिभावकों ने स्कूल में हंगामा किया। इसके बाद डर से शिक्षक स्कूल बंद कर भाग गए। भागलपुर के नगर निगम क्षेत्र के उर्दू बाजार स्थित मध्य विद्यालय में शनिवार को फाइलेरिया की दवा खाने के बाद 18 बच्चों की हालत बिगड़ गई। दवा खाने के बाद खुद को असहज महसूस करने लगे और कई बेहोश होने लगे। स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी फाइलेरिया डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि दवा बिल्कुल सुरक्षित है। सामान्य लोगों को इन दवाओं के खाने से दुष्प्रभाव नहीं होता है। अगर किसी व्यक्ति को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक है कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कृमि मौजूद हैं।

## करवट ले रहा बिहार का मौसम, 19 जिलों बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट

**पटना, एजेंसी।** दिसंबर और जनवरी महीने में लंबे समय तक सर्दी के प्रकोप के बाद बिहार का मौसम बदला और लोगों को शीतलहर से राहत मिली। लेकिन एक बार फिर मौसम करवट लेता दिख रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले दो तीन दिनों तक राज्य में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है जिससे तापमान में गिरावट आएगी और एक बार फिर लोगों को ठंड का सामना करना पड़ सकता है। बताया गया है कि पटना, गया सहित दक्षिण बिहार के 19 जिलों में 13 और 14 फरवरी को हल्की बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की घटनाएं हो सकती हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार को राजधानी पटना समेत राज्य के 24 शहरों का न्यूनतम पारा 10 डिग्री के नीचे रहा। गया सबसे ज्यादा शीतलहर की चपेट में रहा। प्रदेश का सबसे ठंडा जिला 5.2 डिग्री सेल्सियस के साथ गया ही रहा। पटना सहित 25 शहरों का न्यूनतम और 30 का अधिकतम पारा चढ़ा। पटना में अधिकतम तापमान में 0.4 और न्यूनतम में 0.1 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। राजधानी का अधिकतम तापमान 25 और न्यूनतम 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान बढ़ने और तेज धूप से लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। हालांकि सुबह और शाम ठंड लग रही थी। मौसम विभाग से मिली जानकारी केअनुसार रविवार से अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी।

# सुगौली में गोली मारकर अपराधियों ने की युवक की हत्या

- टोल टैक्स पर दिया घटना को अंजाम
- घटनास्थल से चार खोखा बरामद
- पुलिस ने की घटनास्थल की जांच

चाणक्य भूमि। सुगौली



प्रखंड अंतर्गत छपवा स्थित टोल टैक्स पर अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। स्कॉर्पियो सवार अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। जैसे ही टोल टैक्स के समीप कार पहुंची, स्कॉर्पियों से उतरे अपराधियों ने सवार व्यक्ति को गोली मार दी। व्यक्ति को चार गोली लगने की सूचना मिली। आननफानन में लोगों ने इलाज के लिए मोतिहारी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान अनूप कुमार सिंह के रूप में हुई है, जो पहाड़पुर के इंग्लिश्या गांव के निवासी हैं। रक्सौल में उनका अपना निजी मकान है और वहीं पर प्रॉपर्टी का कार्य करते थे। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी भाग निकले। राहगीरों ने 112 नंबर की पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर जब तक 112 की गाड़ी पहुंचती, तब तक अपराधी पुलिस की नजर से काफी दूर जा चुके थे। घटनास्थल पर सुगौली थाना की पुलिस पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बताया जाता है कि अपराधियों ने ड्राइविंग सीट पर बैठे व्यक्ति को सीधे साइड शीशा पर गोली चलाया। घटनास्थल पर पुलिस को चार खोखा मिला है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। चर्चाओं का बाजार गर्म है। एएसपी शेखर चौधरी ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। इधर, मृतक के परिजनों ने किसी भी दुश्मनी या रंजिश की बात से इन्कार किया है।

**घटना के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म–** सुगौली गोली की तरतराहट से गूंज उठा। घटना के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस ने घटनास्थल से चार खोखा बरामद किया। पुलिस की जांच चल रही है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा कि व्यक्ति को क्यों गोली मारी गई।

## एनडीए सरकार में है अपराधियों की बहार : दीपू मिश्रा

*सुगौली। सुगौली में हुए गोलीकांड के बाद राजद मीडिया प्रभारी दीपक मिश्रा ने सरकार को निशाने पर लिया। कहा की पहले राजद और जदयू सरकार में थी, तो भाजपा बिहार में जंगल राज कहा करती थी। अब एनडीए की सरकार में अपराधियों का बहार है। पूरे बिहार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। कई जगहों पर दिनदहाड़े घटनाएं हो रही है। हाल में सुगौली के पजिअरवा में गोली चली और बीते एक सप्ताह में बेलगाम अपराधियों ने पांच घरों में भारी लूट की घटना को अंजाम दिया। आज टॉल टैक्स के पास गोलियों के तड़तड़ाहट से पूरा सुगौली दहल गया। बेलगाम अपराधी गोली मारकर फरार हो गए। यही है भाजपा और जदयू के जंगलराज का आगाज।*

# परसौनी पहुंचा अमित कुमार का शव, कोहराम, गुजरात में फंदे से लटका मिला था शव

## परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप



चाणक्य भूमि। पताही

प्रखंड अंतर्गत परसौनी गांव निवासी हरिशंकर सिंह के पुत्र अमित कुमार का शव रविवार को पहुंचा। शव पहुंचने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। गौरतलब हो कि तीन दिन पूर्व गांधीधाम (गुजरात) स्थित कमरे में अमित कुमार का शव लटका पाया गया था। घटना के तीन दिन बाद मृतक का शव गांव पहुंचा। बता दें कि 8 फरवरी को 20 वर्षीय अमित कुमार की मौत गुजरात के गांधीधाम में हो गई थी। युवक का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला था। मृत युवक के परिजनों ने हत्या कर शव फंदा से लटका देने का आरोप लगाया है। अमित का शव रविवार को पहुंचते ही उसके घर में कोहराम मच गया। मृतक के वृद्ध-पिता और उसकी मां सहित बहन का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक की मां बार-बार बेहोश हो जा रही थी। मृतक के पिता हरीशंकर सिंह पुत्र के शव को निहारते रहे। शव पहुंचने के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिवार के भरण पोषण की थी जिम्मेदारी मृतक अमित कुमार अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। परिवार के कुल पांच सदस्यों के भरण पोषण की जिम्मेवारी मृतक के ऊपर थी। दिसंबर में गया था गुजरात परिजनों ने बताया कि अमित कुमार का शव गुजरात स्थित गांधी धाम समीप उसके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला था। मृतक के परिजनों का आरोप है कि अमित के साथियों ने उसकी हत्या करके आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया था। मृतक अमित कुमार हाल हीं में दिसंबर में रोजी रोटी के तलाश में गुजरात गया था।

## दोषी प्राध्यापक के खिलाफ महाविद्यालय ने लिया कड़ा निर्णय

**चाणक्य भूमि। बेतिया** बीते दिनों महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय में नामांकित एक उर्दू की छात्रा के साथ महाविद्यालय के उर्दू के प्राध्यापक द्वारा छेड़खानी तथा अश्लील हरकत किए जाने की , बात की शिकायत छात्र के परिजनों ने महाविद्यालय प्रशासन को दिया है जिस पर महाविद्यालय प्रशासन इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर कार्यवाही करने के लिए पूरी तैयारी कर रहा है , इस बात को लेकर कॉलेज प्रशासन ने पांच शिक्षकों और दो कर्मचारियों की एक कमेटी गठन कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है परंतु छात्रों के भारी विरोध करने पर इस मसले पर आज हो रही बैठक को स्थगित करते हुए पुनः 13.02.2024 को महाविद्यालय द्वारा गठित कमेटी कि बैठक रखी गई है जिसमें महाविद्यालय प्रशासन ने अपने पत्रांक संख्या 56/24 के तहत स्थानीय महिला थाना अध्यक्ष, एबीवीपी के छात्र प्रतिनिधि सीतांशु दिव्याल, एनएसयूआई के प्रतिनिधि राजमणि मिश्रा, आईसा प्रतिनिधि अभिमन्यु राव एवं अन्य दो अभिषेक गुप्ता ,आदित्य तिवारी को सूचित किया है कि इस पूरे मामले की जांच और कार्यवाही के लिए निर्धारित तिथि की बैठक में भाग ले, ताकि दोषियों पर कार्यवाही की जा सके और पीड़िता को न्याय मिल सके , साथ ही पूरे मसले की जांच रिपोर्ट आगे भेजा जा सके । अब देखना यह है कि होने वाली आगामी बैठक में क्या यह मसला हल हो पता है कि नहीं ।

## अब 30 मिनट से ज्यादा थाना बैठाया तो नप जाएंगे थानेदार

**चाणक्य भूमि**। बिहार में थानेदारों के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। थाने में यदि कोई व्यक्ति आवेदन लेकर आता है तो उसे तत्काल पावती (रिसीविंग) दी जानी चाहिए। अगर शिकायत मिली कि वे रिसीविंग लिए बगैर चले गए तो थानेदार अथवा अपर थानाध्यक्ष घर जा कर उन्हें स्लीप देंगे। थाने में आए किसी भी व्यक्ति से 30 मिनट के अंदर थानेदार मुलाकात करेंगे। इससे अधिक समय लगने पर उचित कारण बताना होगा। उनकी बातों को विनम्रता पूर्वक सुनेंगे और अशिष्ट व असभ्य भाषा का प्रयोग नहीं करेंगे। बेवजह थाने पर भीड़ लगाने और फरियादियों को परेशान करने वाले थानेदार मुश्किल में पड़ सकते हैं। ये हिदायत शनिवार को नवनियुक्त थानेदारों के साथ डीआइजी सह एसएसपी राजीव मिश्रा की हुई पहली क्राइम मीटिंग में दी गई।देर रात तक चली इस विशेष बैठक में एसएसपी ने सुदूर इलाकों से आए इंस्पेक्टरों और दरोगाओं को राजधानी की पुलिसिंग एवं चुनौतियों से निपटने के गुर सिखाए। उन्होंने पुलिस महानिदेशक की ओर से पुलिसिंग को लेकर दिए गए 38 सूत्रों का अभ्यास कराया। बताया कि पॉक्सो, एससीएसटी समेत विशेष अधिनियम के तहत दर्ज कांडों में 60 दिनों के भीतर चार्जशीट समर्पित की जाए। इसके अलावा रात्रि गश्ती में तेजी, शिकायतों पर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मतलब साफ़ है कि बिहार में थाने में यदि कोई व्यक्ति आवेदन लेकर आता है तो उसे तत्काल (रिसीविंग दी जाएगी। अगर शिकायत मिली कि वे रिसीविंग लिए बगैर चले गए तो थानेदार अथवा अपर थानाध्यक्ष घर जा कर उन्हें पावती देंगे। थाने में आए किसी भी व्यक्ति से 30 मिनट के अंदर थानेदार मुलाकात करेंगे।

## रहस्यमय परिस्थिती में बच्चा हुआ लापता- अपहरण की आशंका

**चाणक्य भूमि**। रामनगर के बेली बेलवा चौक से 9 फरवरी को एक 5 वर्षीय बच्चा रहस्यमयी तरीके से गायब हो गया है। इस मामले को लेकर परिजनों की चिंता बढ़ी है। बालक के पिता श्रवण साह ने रामनगर थाना में आवेदन देकर इस मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने बच्चों के अपहरण की आशंका जताते हुए आवेदन दिया है चाणक्य भूमि। पुलिस को दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि गांव में ही एक व्यक्ति से उनका जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा है। उन्होंने आशंका जताई है कि लोगों के द्वारा ही उनके बच्चे को गायब किया गया है। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। इधर आवेदन प्राप्त होते हैं पुलिस छानबीन में जुट गई है। परिजनों ने बताया कि काफी खोजबीन करने के बाद कोई सुराग नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार बच्चा चौक पर खेल रहा था तभी गायब हो गया। घटना शुक्रवार की लगभग 3:00 बजे शाम की है। जिसके बाद से लोग बच्चे की तलाश में जुड़ गए लेकिन अभी तक बच्चों का पता नहीं चला है। श्रवण साह ने बताया कि गांव के एक आदमी से पुराना जमीनी विवाद है, उन्हीं लोगों द्वारा बच्चे को गायब कर देने की आशंका है। पुलिस के अनुसार आवेदन प्राप्त हुआ है बच्चों की तलाश की जा रही है। मामले के भी जांच की जा रही है और जल्द ही अपराधियों का पता लगा लिया जायेगा ।

### पुलिस की लूट मामले में सर्राफा व्यापारी पर गहराया शक

**चाणक्य भूमि**। **पताही**। बेखौफ बाइक सवार अपराधियों ने दुकान बंद कर घर आ रहे स्वर्ण व्यवसायी से हथियार के बल पर लूट को घटना को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने लूट की घटना की जांच में जुट गई। घटना पताही थाना क्षेत्र के बिरता रोड चिमनी के पास की है। पीड़ित पदुमकेर गांव निवासी समोद कुमार चौधरी ने बताया की वह पंचपकड़ी बाजार पर राजनंदनी नाम से सोना चांदी की दुकान चलाता है।

# नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 6 स्वर्ण, 3 रजत व 3 कांस्य पदक जीत बिहार टीम ने रचा इतिहास

- टीम में शामिल पूर्वी चंपारण के खिलाड़ियों ने झटके सर्वाधिक पदक
- महाराष्ट्र पहला, तो दूसरे पायदान पर रही बिहार की टीम

चाणक्य भूमि। मोतिहारी

राजस्थान में इंडिया ताइक्वाडो की ओर से सब जूनियर, कैडेट व जूनियर वर्ग में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बिहार ने इतिहास रच दिया। 6 गोल्ड, 3 सिल्वर व 3 ब्रांच मेडल हासिल कर बिहार की टीम दूसरे पायदान पर रही। यह पहला अवसर है, जब नेशनल चैंपियनशिप में बिहार की टीम को दूसरा स्थान मिला है। महाराष्ट्र की टीम ने चैंपियन का खिताब जीता। गौरतलब हो कि चैंपियनशिप में सूबे से 60 खिलाड़ियों ने शिरकत की। इसमें बालक वर्ग से 30, तो बालिका वर्ग से भी 30 खिलाड़ी शामिल थे। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि खुशदिल सिंह (पूर्वी चंपारण), आयूष राज (पूर्वी चंपारण), शाहबाज अली (गोपालगंज), रजनीश कुमार गुप्ता (गोपालगंज), अभिनव कुमार (लखीसराय) व अमिशा पटेल (लखीसराय) ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं कुमार शिवम (पूर्वी चंपारण), शिवम कुमार (पूर्वी चंपारण) व मान्या सिंह (पूर्वी चंपारण) रजत पदक जीतने में कामयाब रही। जबकि, जिग्नेश पराशर (पूर्वी चंपारण), आयूष कुमार(पूर्वी चंपारण) व विकास कुमार (पूर्वी चंपारण) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। लगातार तीसरे वर्ष भी खुशदिल ने जीता सोना चैंपियनशिप में बिहार टीम में शामिल पूर्वी चंपारण के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। पूर्वी चंपारण के खिलाड़ियों ने कुल सात पदक अपनी झोली में डालें। बताते चले कि कैडेट कैटेगरी में पूर्वी चंपारण के खिलाड़ी खुशदिल सिंह ने लगातार तीसरी बार नेशनल में स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कोच निखिल कुमार, निर्भय कुमार व बादल गुप्ता की भूमिका अहम रही। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश राजू, समाजसेवी संजीव कुमार सिंह, मुरारी पांडेय आदि ने बधाई दी है।




# प्रकृति के उत्सव का पर्व है बसंत पंचमी: सुशील

चाणक्य भूमि। मोतिहारी



बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजनोत्सव का प्रसिद्ध व सर्वमान्य पर्व 14 फरवरी बुधवार को मनाया जाएगा। इस दिन भगवती सरस्वती पूजन के लिए प्रातःकाल से सायंकाल तक का समय शुभ है। इस दिन वागीश्वरी जयंती, वाणी पूजा, बसन्तोत्सव, रतिकाम महोत्सव आदि के साथ विद्यानुरागी श्रद्धालु मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना करते हैं। यह प्रकृति के उत्सव का पर्व है। यह जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार वाग्देवी सरस्वती ब्रह्म स्वरूपा,कामधेनु तथा समस्त देवों की प्रतिनिधि मानी गयी हैं और यही विद्या, बुद्धि एवं ज्ञान सहित अनंत गुणशालिनी देवी सरस्वती हैं। बसंत पंचमी के दिन से ही बसंत ऋतु के आगमन का संकेत मिलने लगता है। इसी समय से शान्त, ठंडी और मन्द वायु कटु शीत का स्थान ले लेती है और सबों को नव प्राण व उत्साह से आनंदित करती है। इस दिन व्रत रखकर सरस्वती पूजन करने से वाणी मधुर होती है, स्मरण शक्ति तीव्र होती है तथा विद्या में कुशलता प्राप्त होती है।

## युवक संजीव राम की हत्या में उसकी मां के आवेदन पर केस दर्ज जांच में जुटी पुलिस

चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया

बेतिया।रतनमाला पंचायत के कोहड़गर गावं निवासी (24) वर्षीय युवक संजीव कुमार राम की हत्याकांड में उसकी माता रमावती देवी के आवेदन पर पुलिस ने मुख्य रूप से आफताब आलम समेत अन्य को एफआईआर किया है। एफआईआर के आलोक में पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दिया है।कांड के अनुसंधानकर्ता एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक की माता रमावती देवी ने हत्या कांड में बेटे के दोस्त आफताब आलम को मुख्य रूप से आरोपित किया है।आफताब आलम कोहड़गर गावं निवासी अलिहसन मिया का पुत्र बताया गया है।दोनो का घर वार्ड 18 में ही है।उल्लेखनीय है कि आफताब उनके बेटे संजीव को यह कहकर घर से बुला ले गया कि चलो वीडियो बनाना है।01 बजे दिन को मां और बेटे में मोबाइल पर वार्ता हुई।रमावती देवी बताती है कि अंतिम बार 01 बजे दिन में बेटे संजीव से बात हुई, जिनमे एक घण्टे के अंदर उसने आने की बात कही।संध्या सवा चार बजे पगडंडी के रास्ते मे सरसो के खेत मे संजीव का शव बरामद किया गया।डेढ़ बजे के करीब संजीव का मोबाइल स्वीच ऑफ हो गया।एसएचओ अखिलेश कुमार बताते है कि नामजद अभियुक्त घर से फरार है।पुलिस कई बिदुओं पर जांच में जुटी है।उन्होंने कहा कि जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा होगा।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम बाद शव को परिजनो को सौप दी गयी है।

# अंचलाधिकारी के दुर्व्यवहार के कारण सफाईकर्मी हड़ताल पर

चाणक्य भूमि। बेतिया

अंचलाधिकारी द्वारा सफाईकर्मियों को अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे, जिससे उन लोगों को शर्मसार होना पड़ा। इसी वजह से सफाईकर्मी हड़ताल पर है चाणक्य भूमि नरकटियागंज नरकटियागंज के अंचलाधिकारी द्वारा नगर परिषद के सफाई कर्मियों से दुर्व्यवहार का मामला अब और जोर पकड़ने लगा है। शनिवार को नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने कार्य को पूरी तरह से ठप करते हुए नगर परिषद परिसर में सीओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सफाई कर्मियों ने अंचलाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस संबंध में बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के सचिव विनोद मलिक, अध्यक्ष मनोज राउत समेत संजय राम, तुमस राउत आदि लोगों का कहना था कि वे लोग अनुमंडल पदाधिकारी समेत वरीय पदाधिकारी को कई बार सीओ के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आवेदन दे चुके हैं। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जब तक सीओ पर कार्रवाई नहीं होती है, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। सफाई कार्य भी ठप रहेगा। कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन करने के बाद मार्च निकाला। विरोध मार्च नगर परिषद कार्यालय से निकलकर शहीद चौक होते हुए सब्जी मंडी रोड, मस्जिद रोड, महात्मा गांधी मार्ग, पोखरा चौक व मुख्य मार्ग होते हुए पुनः नगर परिषद कार्यालय में समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि सफाई कर्मियों ने 6 जनवरी को नरकटियागंज अनुमंडल पदाधिकारी को एक आवेदन दिया था। जिसमें कहा था कि वे लोग बीएसएनल परिसर में नगर परिषद की गाड़ी को खड़ा करते हैं। 5 फरवरी को अंचलाधिकारी ने जिला पदाधिकारी की ओर से आवंटित किए गए भूमि पर पहुंचे और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए उन्होंने वहां से वाहन को हटाने और गाली-गलौज करने लगे, जिससे उनको शर्मसार होना पड़ा। नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने शनिवार से पूर्ण रूप से सफाई कार्य ठप कर दिया। सफाई का कार्य बंद करने के बाद शहर की साफ-सफाई व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है। नगर के 25 वार्ड से लेकर मुख्य चौराहा, मुख्य मार्ग व सार्वजनिक स्थल पर कचरा फैला हुआ है। शनिवार को कचरा उठाव नहीं होने के कारण सड़क के किनारे कचरा का अंबार लगा हुआ है तथा जगह-जगह लगाए गए डस्टबिन भी कचरा से भरा पड़ा है। कचरा का उठाव एवं साफ-सफाई नहीं होने के कारण सड़के गंदगी से पटी हुई है। इसमें सबसे स्थिति कचरा फैलने से खराब नगर के महात्मा गांधी मार्ग, सब्जी मंडी रोड, सोनार पट्टी रोड व मुख्य मार्ग में हुई है।

## लायंस क्लब से सुजीत सहित चंपारण से तीन अध्यक्ष हुए सम्मानित

चाणक्य भूमि। मोतिहारी

लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रसिडेंट डॉ. पट्टी हिल की ओर से शनिवार को कोलकाता के धन्यधना एडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में चंपारण के तीन अध्यक्ष सम्मानित हुए। लायंस क्लब के बिहार -झारखण्ड (डिस्ट्रिक322E) में कुल 154 क्लब हैं, जिसमे इंटरनेशनल प्रसिडेंट से सम्मनित होने का अवसर मात्र 17 क्लब को मिला है। इस कड़ी में मेंबरशिप ग्रोथ करते हुए बेहतरीन कार्य करने के लिए इस्ट चंपारण लायंस क्लब के अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, लायंस क्लब चकिया के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुमार और लायंस क्लब मोतिहारी कपल के अध्यक्ष अंगद सिंह को इंटरनेशनल प्रेसिडेंट द्वारा सम्मनित किया गया। समारोह में राजू कुमार सहारा भी शामिल हुए।

# सदियों पुराना है माधोपुर तृतीय मेला का इतिहासः पूर्व मंत्री

चाणक्य भूमि। तुरकौलिया

- कहा, मेला के विकास को लेकर करेंगे हर संभव प्रयास
- भीखम बाबा की समाधि स्थल पर 1856 से लग रही मेला





माधोपुर तृतीय मेला का आगाज हो गया। रविवार को सूबे के पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम रजक व हरसिद्धि के पूर्व विधायक राजेंद्र राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उदघाटन भाषण में पूर्व मंत्री श्री रजक ने कहा कि यहां आने पर पता चला कि यह मेला एतिहासिक है, और सदियों पुराना भी है। भीखम बाबा ने 1856 ईस्वी में इसी जगह पर समाधि ली थी। तबसे लेकर आज तक बाबा के याद में समाधि स्थली के पास इसी जगह पर पूजा अर्चना कर सैकड़ों वर्षों से मेला का आयोजन किया जाता है। मेला में काठ के तरह तरह का समान और फर्नीचर लेकर दूर दूर से व्यापारी यहां आते हैं। साथ ही दूरदराज से किसान भी यहां फर्नीचर खरीदने पहुंचते हैं। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि इस मेले को और विकसित करने में वह हर संभव सहयोग करने को तैयार हैं। काश्तकारों को उचित दाम मिले, इसके लिए आवाज बुलंद किया जाएगा। पूर्व विधायक सह निवर्तमान बिहार अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार राम ने कहा कि इस मेले की अहमियत इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब अभिभावक अपने बेटी की शादी ठीक करते हैं तो इसी मेले में आकर फर्नीचर खरीदते हैं। शादी में फर्नीचर का सामान खरीदने के लिए अभिभावक एक साल तक मेले का इंतजार करते हैं। मध्यम वर्ग के लोग सस्ते दाम पर शादी-ब्याह में देने के लिए लकड़ी से बने सामान मेला में खरीदने आते हैं। लकड़ी से बने छोटे और बड़े सभी समान एक साथ मिल जाता है। वही मंदिर का मठाधीश भागवत दास ने बताया कि 1856 ई. में इसी जगह पर भिखम बाबा ने जिंदा समाधी ली थी। जहां समाधि स्थल पर मंदिर का निर्माण कराया गया है। तबसे लेकर आजतक माघ महिना के तृतीय दिन पर यहां मेला का आयोजन किया जाता है। जो लगभग एक माह तक चलता है। आसपास के कई जिलों से लोग काठ का सामान बेचने और खरीदने के लिए यहां पहुंचते हैं। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। मौके पर मठाधीश भागवत दास, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजदेव यादव, सुरेश सहनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण यादव, मुखिया एहतेशाम अहमद, एजाज अहमद, पिपरा कोठी प्रमुख रजनीश यादव, प्रमुख प्रतिनिधि सुदामा राय, मुखिया रामनाथ यादव, मुख्तार अहमद, नथुनी राय, सरपंच शोएब अहमद, अजीत तिवारी, रवीन्द्रनाथ कुशवाहा, अख्तर हुसैन, विजय रंजन उर्फ मुन्ना, रघुवर प्रसाद, अवधेशनारायण यादव, काशी राय, डा. आलोक रंजन, राजदेव पासवान, विभुति राय, लखींद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य रजनीश राय उर्फ पेटू राय, शहजाद अंसारी, अशोक यादव आदि मौजूद थे।

# मझौलिया में सम्पन्न शांति कमिटी की बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने का निर्णय, डीजे पर लगा प्रतिबंध

## 15 फरवरी को होगा मूर्ति विसर्जन

चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया





बेतिया।सरस्वती पूजा शांति पूर्ण सम्पन्न कराने के लिये मझौलिया थाना परिसर में सम्पन्न बैठक में कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।अध्यक्षता इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने की।सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पूजा में डीजे नही बजाना है। डीजे बजाने पर डीजे तो जप्त होगा ही कानुनी कारवाई भी होगी |उन्होंने उपस्थित पूजा समिती सदस्यों को बताया कि पूजा निर्विध्न करें |पंडाल में आग से बचें |विसर्जन करते समय नदी या तालाब की गहराई पर ध्यान दे |अश्लील गाने नही बजावे । सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रतिमा बैठाने वाले 10 युवको को आधार कार्ड के साथ लाईसेंस लेने के लिए आवदन करना है।बिना लाईसेस के कोई प्रतिमा नहीं स्थापित करना है। सभी प्रतिमा का विसर्जन हर हालत में 15 फरवरी को होगा। किसी भी पूजा पंडाल और विसर्जन में डीजे बिल्कुल नहीं बजेगा। सभी डीजे संचालक को मीटिंग में बुलाकर अपना अपना डीजे थाना में जमा कर देने का आदेश दिया गया । डीजे जमा नहीं करनेवाले संचालकों पर कार्रवाई होगी।मौके पर पंचायत के मुखिया,सरपंच,वार्ड और पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे।थानाध्यक्ष श्री मिश्र के पदस्थापना के बाद यह पहली शांति समिति की बैठक हुई,जिसमे जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया गया।

# चम्पारण पब्लिक हाई स्कूल में फेयरवेल कार्यक्रम

चाणक्य भूमि। बेत्तिया




नगर के जमादार टोला में चम्पारण पब्लिक हाई स्कूल में फेयरवेल कार्यक्रम का शुभारंभ बेतिया के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर मीरा गुप्ता विद्यालय के डायरेक्टर अमित गुप्ता सुप्रसिद्ध अधिवक्ता सत्येंद्र सिंह समाजसेवी अमरजीत गुप्ता एवं पूर्व शिक्षक विजय कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। चाणक्य भूमि बेतिया। चम्पारण पब्लिक हाई स्कूल के फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर अमित गुप्ता ने बताया कि महंगाई दौर में अपने पिताजी के वचन के को निभा रहे हैं। एक बेहतर व्यवस्था फी 300रू में यूकेजी तक 1 से 5 तक 350रू एवं 400रू में 6 से 10 तक बिना कोई अतिरिक्त शुल्क के पढ़ाते हैं यही नही योग्य प्रशिक्षित स्नातक शिक्षको से गुणवत्ता की शिक्षा देते आ रहे हैं और आगे भी जारी रखेंगे गुप्ता को मिडिया से बातो दौरान आंख भर गया ऐसा लग रहा था जैसे पिता से पुत्र या पुत्री बिछड़ रहा हों। डॉ. मीरा गुप्ता ने बच्चों को उजव्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए एवं पढ़ लिखकर कामयाब होने की सिख दी। रोहित गुप्ता ने बच्चों को घुलमिल कर कैसे बेहतर रिजल्ट हो के लिए बताए। समाधान करें ताकि बच्चे गलत संगत में न जाए। मौके पर सुमित सर समर सर रोहित गुप्ता सर रोहित सर एवं विद्यालय परिवार ने मिलकर बच्चों एवं अभिभावक को सम्मानित किए।कार्यकम में बच्चों के अभिभावक के साथ अतिथि गंगा यादव, जयप्रकाश यादव, संतोष कुमार, मुन्ना गुप्त, कन्हैया,बारी सरेम जी उपस्थित रहे ।

# श्री गुप्तेश्वर जी महाराज के द्वारा योगापट्टी में होगा प्रवचन

चाणक्य भूमि। बेतिया



योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध महारानी जानकी कुँवर रामदरबार ज्ञानेश्वर शिव मंदिर चमैनिया बाजार के प्रांगण में ग्यारह दिवसीय श्री श्री 108 श्री शिवशक्ति महायज्ञ एंव प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है।वही यज्ञ मंडप का रंग पोताई व साधु संतों के रहने की व्यवस्था की जा रही हैं।साथ ही मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर यज्ञ स्थल तक तीन बड़े-बड़े गेट बनाए जा रहे हैं।इस यज्ञ को लेकर गांव व क्षेत्र में बड़ा ही उल्लास है।सभी लोग बढ़-चढ़ कर सहयोग कर रहे हैं।यज्ञ मठाधीश्वर श्री श्री 108 रामकैलाश दास जी महाराज ने बताया कि 10 मार्च के दिन रविवार से 1501 कलश यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा महाराज ने बताया कि गयारह दिनों तक चलने वाले इस यज्ञ के दौरान कथावाचक बिहार के पूर्व डीजीपी सह जगद्गुरु रामानुजाचार्य आचार्य श्री गुप्तेश्वर जी महाराज के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम भी होगा।यज्ञ ब्रह्म आचार्य दीपक चौबे जी की देख-रेख में विधि पूर्वक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ सम्पन्न होगा।यज्ञ समिति के सँजोक कन्हैया पांडेय,अध्यक्ष विपन पाल,उपाध्यक्ष जगन साह,सचिव वीरेन्द्र साह,उप सचिव जवाहर साह,कोषाध्यक्ष सुनील ठाकुर,उप कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता,संरक्षक अरविन्द मिश्रा,पूजा प्रभारी गया साह,पूर्णदेव भगत,राजकुमार गुप्ता आदि लोग यज्ञ की तैयारी में जुट गए हैं।

# ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने में प्रशासन नाकाम

चाणक्य भूमि। बेतिया




छोटे-बड़े हादसों के बावजूद, इनरवा , मैनाटांड, पुरुषोतमपुर, बलथर,गोपालपुर, थाना क्षेत्र के सड़को पर दौड़ रही छोटी बड़ी गाड़ियों में ओवरलोडिंग नहीं थम रही है। शासन प्रशासन इस पर रोक लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। जिसका खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। थाना क्षेत्र में यातयात व्यवस्था पूरी तरह छोटी बड़ी गाड़ियों पर टिकी हुई है। ओवरलोडिंग का आलम यह है कि ईट लदे ट्रेक्टर ट्राली में क्षमता से दोगुनी ईट लादकर ले जाते हैं। इसके चलते हमेशा बड़ी दुर्घटना होने व लोगों की जान पर खतरा बना रहता है। बताते चलें कि ओवरलोडिंग के कारण पूर्व में कई बड़ी दुर्घटन लेख हो चुकी हैं। जिनमें सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद शासन प्रशासन ओवर लोडिंग के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखा रहा है। थाना क्षेत्र के कुछ लोगो ने बताया कि ईट ओवर लोडिंग लदे वाहन चालक ज्यादा मुनाफे के लिए ओवरलोडिंग करते हैं। इतना ही नहीं ट्राली में ज्यादा ईट भर कर बड़ी संख्या में ईट ले जाते है। लेकिन, जिम्मेदार अधिकारी मात्र कुछ दिन चालान काटकर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर लेते है। सूत्रों की बात का विश्वास करे तो हर चौक चौराहों पर कुछ संगठित लोग ऐसे वाहनों से अवैध वसूली भी करते है।

# पखनाहा में पूल निर्माण को लेकर लोगों ने सांसद के खिलाफ खोला मोर्चा

चाणक्य भूमि। बेतिया



प्रखंड क्षेत्र के पखनाहा उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को पुल निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों के नेतृत्व में हजारों की संख्या में ग्रामीणों आक्रोश सभा में उपस्थित हुए जिसमें पुल निर्माण संघर्ष समिति के सदस्य एवं आम ग्रामीणों ने गंडक नदी पर बेतिया पखनाहा से तमकुही पुल निर्माण नहीं होने से काफी नाराजगी जाताते हुए आक्रोश सभा को सफल बनाया एवं कहा कि करीब 20 वर्षों से जब भी चुनाव आता है तो पूल निर्माण के मुद्दा बनाकर भाजपा सांसद डाक्टर संजय जायसवाल चुनाव जीत जाते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद पूल के नाम भी भूल जाते इसलिए अभी तक पुल निर्माण नहीं कराया गया पूल निर्माण संघर्ष समिति एवं आम ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गंडक नदी पर पकनाहा तमकुही पुल निर्माण नहीं होगा तब तक आगामी लोकसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार किया जाएगा लोगों ने यह नारा भी लगाया कि पूल नहीं तो वोट नहीं मौके पर उपस्थित ग्रामीण दिव्यांग विनीत कुमार ने बताया कि हम लोग लोकसभा चुनाव में या तो वोट का आविष्कार करेंगे या नोटा दबाएंगे सभा समाप्ति के बाद पुल निर्माण संघर्ष समिति के सदस्यों ने हजारों की संख्या में पैदल मार्च निकले एवं पिपरा घाट तक गए जहां पहुंच कर संकल्प लिए की जब तक पूल निर्माण नहीं होगा तब तक पूल नहीं तो वोट नहीं के नारा जारी रहेगा एवं यह संघर्ष चलता रहेगा मौके पर नवीन कुमार,संतोष कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार ,शेख राजू, मनीष कुशवाहा ,मनजीत कुशवाहा, सोनू खाव, अभिषेक कुमार ,आदि लोग मौजूद रहे। गंडक नदी पर बेतिया पखनाहा तमकुही पूल निर्माण हो जाने से बेतिया जिला मुख्यालय से लेकर बैरिया प्रखंड के लोगों को उत्तर प्रदेश जाना बहुत ही आसान हो जाएगा करीब सैकड़ो किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगा जिससे क्षेत्र के लोगों को उत्तर प्रदेश से व्यापार करने शिक्षा के लिए जाने- आने तथा इलाज कराने जाने में भी काफी सहूलियत हो जाएगा इस क्षेत्र के अधिकांश लोग स्वास्थ्य सुविधा के

# नगर निगम क्षेत्र की कई योजनाओं का महापौर ने किया शिलान्यास, चंद्रावत नदी के प्रसिद्ध शिवालय घाट की दशकों से जर्जर सीढ़ी और दुर्गाबाग की जल निकासी दुरुस्त होना महत्वपूर्णःगरिमा

## नगर निगम के विभिन्न वार्डों में पीसीसी सड़क,आरसीसी नाला निर्माण सहित कुल 43.19 लाख की योजनाओं का महापौर ने किया उद्घाटन

चाणक्य भूमि। बेतिया



नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पीसीसी सड़क,आरसीसी नाला निर्माण सहित कुल 43.19 लाख की कुल चार योजनाओं का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने रविवार के दिन अलग अलग समारोह में उद्घाटन किया। इसके बाद महापौर ने कहा कि ऐतिहासिक चंद्रावत नदी के प्रसिद्ध शिवालय घाट मंदिर को चंद्रावत से जोड़ने वाली सीढियां दशकों से जर्जर अवस्था में थीं। जिसका जीर्णोद्धार पर 14.95 लाख की लागत आई है। इस कार्य को वार्ड 13 की पार्षद रिंकू देवी और उनके पति पूर्व पार्षद अरुण कुमार का प्रयास महत्वपूर्ण है। वही नगर निगम के अभियंता सुजय सुमन ने भी इस योजना को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वही दुर्गाबाग की जल निकासी दुरुस्त करने के लिए वार्ड 22 में पार्षद नंदलाल प्रसाद के अनुरोध पर मुख्य नाले तक का नाला निर्माण का 5.29 लाख से पूरा होना महत्वपूर्ण है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके साथ ही वार्ड एक में मुन्ना खां के घर से नई मस्जिद होते मो.सोहैल का घर होते हुए ऐनुल हक के घर तक नाला निर्माण की योजना 12.07 लाख की योजना वार्ड एक के पार्षद जोबैर आलम के अनुरोध पर पूरी हो गई है। उन्होंने बताया कि वार्ड तीन में भी बढ़ई टोला के हनुमान जी मंदिर उमा शंकर जी के घर तक पीसीसी सड़क और आरसीसी नाले का निर्माण वार्ड तीन के पार्षद ई.सहमत अली के अनुरोध पर बनी है। मौके पर पार्षद रिंकू देवी, नंदलाल प्रसाद, जुबैर आलम, सहमत अली इत्यादि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री ने बिहार के विकास के लिए एक बैठक तक नहीं की

## बिहार के लोगों ने नरेंद्र मोदी को जाति-धर्म से ऊपर उठकर वोट दिया, लेकिन उन्होंने बिहार के विकास के लिए एक बैठक तक नहीं कीः प्रशांत किशोर

चाणक्य भूमि।



बिहार के लोगों को उनके मताधिकार के बारे में जागरूक करते हुए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को ये दिख रहा है कि अभी उनके सामने जो नेता खड़े हैं, दोनों ही चोर हैं। ऐसे में पब्लिक ये सोच रही है कि चलिए दोनों ही जब चोर हैं, तो अपनी जाति वाले को ही वोट दे देते हैं। लेकिन अगर जनता को कोई ईमानदार दिखेगा तो जनता बेवकूफ नहीं है उसको जरूर वोट देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिहार के लोगों ने खूब वोट दिया है न, उनकी जाति के कितने लोग बिहार में रहते हैं, एक भी नहीं रहते हैं। लेकिन लोगों ने ऐसा समझा कि मोदी को वोट देंगे तो हमारा विकास होगा। इसीलिए बिहार की जनता ने जाति और धर्म की सोच से ऊपर उठकर नरेंद्र मोदी को वोट दिया। अब नरेंद्र मोदी ने काम नहीं किया, वो अलग बात है लेकिन लोगों ने जाति से ऊपर उठकर नरेंद्र मोदी को वोट तो दिया ही है। यहां जितने लोग बैठे हैं, मान लीजिए कि इनकी संख्या अगर सौ है तो इसमें से 40 से 50 आदमी ने तो नरेंद्र मोदी और भाजपा को वोट दिया ही होगा। वो 40 से 50 आदमी नरेंद्र मोदी की जाति के तो नहीं हैं। सिर्फ जाति की बात नहीं है जब जनता को सारे नेता चोर दिखते हैं, एक तरह के दिखते हैं तो आखिर में जनता कहती है कि दोनों तो एक ही तरह के हैं तो चलिए अपनी जाति वाले को ही वोट देते हैं। अगर एक आदमी अच्छा दिखेगा तो बिहार की जनता में वो समझ और ताकत है कि आगे बढ़ेंगे और सही व्यक्ति का चुनाव करेंगे। मैंने पंद्रह महीने से छोड़ा है अपना घर, बिहार के नौजवान तो 15 सालों से अपना घर छोड़कर रह रहे बाहरः प्रशांत किशोर प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि हम अभी पंद्रह महीने से पैदल चल रहे हैं तो लोग कह रहे हैं कि भइया अपना घर-परिवार को छोड़कर ये पैदल चल रहे हैं। लेकिन बिहार के जितने भी लोग हैं इनके परिवार के नौजवान तो 10 से 15 सालों से अपना घर छोड़कर बाहर ही रह रहे हैं। कभी छठ में या किसी शादी-विवाह में दस से पंद्रह दिनों के लिए वो व्यक्ति घर आया। हमने तो पंद्रह महीने से अपना घर छोड़ा है तो लोग हमें समझ रहे हैं कि हम बहुत महान आदमी हैं, साधु-महात्मा हैं। आपका बच्चा तो पंद्रह सालों से बाहर रह रहा है। एक बार यहां बच्चा बीस साल का हो गया, तो वो झोला लेकर चला गया मजदूरी करने के लिए। जब तक उसके शरीर में ताकत है उसको बाहर ही रहना है और मजदूरी ही करना है।
















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714